डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)
G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम
ONE EARTH · ONE FAMILY · ONE FUTURE

पत्रांक : खे०वि०/2027/2023 दिनांक : 22/09/2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

महोदय / महोदया,

आपको अवगत कराना है कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा शैक्षिक सत्र–2023–24 का खेलकूद कैलेंडर जारी किया गया है, जिसमें अधिकांश खेलो का दिनांक / स्थान निश्चित नही हुआ हैं। **विगत वर्षो की भांति डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के अन्तर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं का कैलेंडर वर्तमान सत्र 2023–24 जारी करने के क्रम में निम्नलिखित वांछित सूचनाएं अविलंब दिनांक–29 / 09 / 2023 तक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग / सचिव डॉ0 अखिलेश चंद्र सक्सेना E-mail:dr.acsaxena1@gmail-com / रजिस्टर डाक द्वारा अपेक्षित है।**

1. आप अपने महाविद्यालय में किस खेल की अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिता कराने के इच्छुक है ? कृपया नाम सहित संख्या बतायें।
2. क्या आपके महाविद्यालय में शासन द्वारा नियुक्त / विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शारीरिक शिक्षक तैनात है ? यदि हां तो नाम एवं सम्पर्क सूत्र प्रदान करें।
3. जिस खेल की अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिता आप आयोजित कराने के इच्छुक हैं। उसका मैदान / उपकरणों की सूची मय छाया चित्र के प्रदान करें।
4. सत्र–2022–23 में आयोजित अन्तर महाविद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता हेतु वि0वि0 द्वारा निर्गत अग्रिम धनराशि जों आपको आवंटित कि गयी थी उसके समायोजन का प्रमाण प्रस्तुत करें।
5. 2009 से 2021 तक आपके महाविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालयी खेलकूद प्रतियोगितायें यदि आयोजित की गयी हैं तो उसके समायोजन से सम्बन्धित प्रमाण भी प्रस्तुत करें।
6. आपके महाविद्यालय में कार्यरत यदि किसी शिक्षक को अग्रिम धनराशि वि0वि0 द्वारा निर्गत की गयी हैं (अखिल भारतीय / उत्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं में टीम मैनेजर / प्रशिक्षक के रुप में) तो कृपया आपसे अनुरोध हैं कि शासन द्वारा बार–बार इनकें समायोजन के लिए कार्यवाही किये जाने / आपत्ति के निराकरण हेतु कठोर कार्यवाही के आदेश मिल चुके हैं। नियमानुसार अस्थाई अग्रिमो का समायोजन उसी वित्तीय वर्ष में किया जाना चाहियें। आपसे अपेक्षा कि जाती हैं आपके अधीनस्थ कार्यरत ऐसे शिक्षकों का संज्ञान लेने एवं अग्रिमों के समायोजन किये जाने हेतु आदेशित करने का कष्ट करें।

अन्तर महाविद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आवंटन हेतु निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग द्वारा दिनांक – 04/10/2023 को बैठक आमंत्रित की गई है। जिसमें उक्त वांछित सूचनायें प्रदान करने वाले महाविद्यालयों को ही अन्तर महाविद्यालयी खेल कूद प्रतियोगिताओं के आवंटन में वरीयता प्रदान की जायेगी।

उक्त बैठक मे माननीय कुलपति जी/कुलसचिव एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी ।

अतः आप से अपेक्षा की जाती है कि दिनांक – 04/10/2023 को प्रातः 10:30 बजे शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद विभाग, पालीवाल परिसर के जुबली हॉल में सत्र 2023–24 की अन्तर महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं के आवंटन एवं खेल प्रतियोगिता कराने हेतु अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित हो।

धन्यवाद

निदेशक
शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद

डा. ए0 सी0 सक्सैना
खेलकूद अधिकारी/निदेशक
शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग
डा. बी.आर.ए.वि.वि., आगरा

कुलसचिव
Registrar
Dr. B.R.A. University, Agra